27. **शास्त्री भारत कनाडाई संस्थान** : शास्त्री भारत-कनाडाई संस्थान की स्थापना भारत सरकार और कनाडा की संयुक्त घोषणा द्वारा मुख्यतया शैक्षणिक क्रियाकलापों की सुविधाएं प्रदान करके भारत और कनाडा के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिए 1968 में की गई थी। भारत सरकार 1968 में भारत सरकार और संस्थान के बीच हस्ताक्षरित करार के अनुसार संस्थान को निधियां प्रदान कर रही है। समय-समय पर पूरक करार पर हस्ताक्षर करके इस करार को नवीकृत किया गया है। सातवें करार का कार्यकाल 31.3.99 को समाप्त हो चुका है जिसके अनुसार संस्थान को 1.4.94 से 31.3.99 तक की अवधि के दौरान 5 करोड़ रुपए की राशि भुगतान की गई है। करार-VIII पर हस्ताक्षर करने के लिए और संस्थान को 1-4-1999 से 31-3-2000 के दौरान सहायता जारी रखने के लिए कार्रवाई पहले ही शुरू की जा चुकी है। करार के नवीकरण के लम्बित रहते वर्ष 1999-2000 के दौरान संस्थान को 1.20 करोड़ रुपए का तदर्थ अनुदान अदा किया जा चुका है।

28. **अन्य कार्यक्रम** : इनमें उच्च शिक्षा के संस्थानों जैसे कि डा. जाकिर हुसैन मैमोरियल कालेज ट्रस्ट, भारतीय विश्वविद्यालय संघ, अंशकालिक शिक्षा कार्यक्रम को अनुदान सहायता तथा विकास और आर्थिक अनुसंधान हेतु और बालिकाओं को निशुल्क शिक्षा विश्वसंस्थान को अंशदान के लिए प्रावधान शामिल हैं।

भाषाओं का विकास :

29–37. **आधुनिक भारतीय भाषायें और साहित्य** : भारतीय भाषाओं के संवर्द्धन और विकास के लिए प्रकाशन निकालने, टंकण-कक्षा, सुलेख प्रक्षिशण, आदि के लिए स्वंयसेवी संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। किताबों के प्रकाशनों के लिए व्यक्तिगत रूप से भी वित्तीय सहायता दी जाती है। इसके अतिरिक्त, संगठनों तथा पुस्तकालयों की मुफ्त संवितरण के लिए विभिन्न भाषाओं में किताबों के थोक में क्रय के लिए भी प्रावधान मौजूद है। इस सम्बन्ध में मंत्रालय को अधीनस्थ कार्यालयों तथा स्वायत निकायों जैसे केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय, नई दिल्ली, केन्द्रीय हिन्दी शिक्षण मंडल आगरा, नेशनल काउंसिल फार प्रोमोशन ऑफ उर्दु लैंग्वेज, नई दिल्ली, नेशनल काउंसिल फार प्रोमोशन आफ सिन्धी लैंग्वेज, बडोदरा, वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग, नई दिल्ली तथा केन्द्रीय भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर, से सहायता मिलती है। इसके अतिरिक्त राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को भी गैर-हिन्दी भाषी क्षेत्रों में हिन्दी अध्यापकों की नियुक्ति तथा प्रशिक्षण के लिए तथा हिन्दी भाषी क्षेत्रों में आधुनिक हिन्दी भाषाओं के अध्यापकों की नियुक्ति के लिए भी वित्तीय सहायता मिलती है।

उर्दू अध्यापकों की नियुक्ति के लिए तथा राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में उर्दु पढ़ाने के लिए मानदेय प्रदान करने वित्तीय सहायता की योजना भी भारत सरकार द्वारा अप्रैल, 1999 में आरंभ की गई थी।

38. **कश्मीरी भाषा के संवर्धन के लिए राष्ट्रीय परिषद** : कश्मीरी भाषा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, शिक्षा विभाग ने राष्ट्रीय उर्दू भाषा संवर्धन परिषद और राष्ट्रीय सिन्धी भाषा संवर्धन परिषद की तर्ज पर एक राष्ट्रीय परिषद स्थापित करने का निर्णय लिया है। परिषद का एकमात्र उद्देश्य लिखित और उच्चारित दोनों रूपों में कश्मीरी भाषा का विकास है। परिषद कश्मीरी भाषा की हस्तलिपियों की रक्षा भी करेगी और श्रव्य, दृश्य और प्रिंट माध्यमों से लोक गीतों का संरक्षण करेगी। योजना आयोग ने सिद्धान्त रूप में स्वीकृति दे दी है। परिषद के लिए पदों के सृजन का प्रस्ताव वित्त मंत्रालय को टिप्पणी के लिए भेजा गया है और अपेक्षित टिप्पणियों की प्राप्ति पर मंत्रिमंडल की स्वीकृति मांगी जाएगी।

39. **राष्ट्रीय भारतीय भाषा आयोग :** एक राष्ट्रीय भारतीय भाषा आयोग की स्थापना करने का प्रस्ताव है जो देश में भारतीय भाषाओं की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करेगा और सरकार को समय-समय पर भारतीय भाषाओं के संवर्धन, विकास और प्रसार के लिए लिए गए उपायों की सिफारिश करेगा।

40. **अन्य :-** इनमें अंग्रेजी प्रशिक्षण संस्थानों, जिला अंग्रेजी केन्द्र और अंग्रेजी भाषा में किताबों के प्रकाशन के लिए अनुदानों हेतु प्रावधान शामिल है।

41. **राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान** : राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, संस्कृत के परिरक्षण, संस्कृत में परम्परागत शिक्षा-अध्यापन और अनुसन्धान के आधुनिकीकरण और प्रचार के लक्ष्य सहित वर्ष 1970 में एक स्वायत्त संगठन के रूप में स्थापित किया गया। सभी स्थापित या अपनाए गए केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठों के प्रबंध के अतिरिक्त संस्कृत सीखने को प्रोत्साहित करना शामिल है। संस्थान द्वारा गठित संस्थानों में अध्यापन के लिए डिग्रियां और प्रमाणपत्र प्रदान किए जाते हैं। इसे पूरे भारत में व्याप्त लगभग 900 स्वयंसेवी संस्कृत संगठनों, संस्थानों और संस्कृत पाठशालाओं को वित्तीय सहायता देने का उत्तरदायित्व भी दिया गया है जो संस्कृत में संवर्द्धन तथा अनुसंधान में संलग्न है और अधिक सुधार करने और स्नातकोत्तर अध्ययन प्रदान करने के लिए संभाव्यता रखने वाले 19 स्नातकोत्तर शिक्षण संस्थानों और दो स्नातकोत्तर अनुसंधान संस्थानों को आदर्श संस्कृत महाविद्यालयों/शोध संस्थानों की स्कीम के अन्तर्गत वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाती है। संस्थान विद्वानों को उनके मूल/अनुसंधान कार्य के प्रकाशन के लिए और विद्वानों द्वारा सम्पादित दुलर्भ संस्कृत पांडुलिपियों के बड़ी संस्या में प्रकाशन के लिए भी अनुदान देता है। संस्थान द्वारा विभिन्न शास्त्रों/संस्कृत अध्ययन की नियमावली में युवा विद्वानों और विधार्थियों को गहन प्रशिक्षण देने के लिए शास्त्र चूड़ामणि योजना के तहत संस्कृत के प्रतिष्ठित सेवानिवृत अध्याय विद्वानों को भी नियुक्त किया गया है। संस्थान भारत और विदेशों में संस्कृत के साधारण प्रशिक्षुओं के लिए हिन्दी और अंग्रेजी माध्यम से संस्कृत भाषा सीखने के लिए दो स्तरों पर अर्थात् (क) संस्कृत में प्रारम्भिक पाठ्यक्रम, प्रथम वर्ष और (ख) संस्कृत में प्रारम्भिक पाठ्यक्रम, द्वितीय वर्ष के लिए पत्राचार पाठ्यक्रम चलाता है।

42–45. **अन्य** : महर्षि संदीपनी राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान, इस मंत्रालय के अन्तर्गत क्रमशः और वैदिक अध्ययन के संवर्धन में सहायता के लिए एक स्वायत्त सगंठन है। भारत सरकार द्वारा राज्य सरकारों के जरिए निम्नलिखित के लिए शत-प्रतिशत वित्तीय सहायता दी जा रही हैः (i) गरीबी की हालत में रह रहे श्रेष्ठ संस्कृत के पंडित (ii) उच्च/उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति (iii) माध्यमिक विद्यालयों में संस्कृत पढ़ाने के लिए सुविधाएं प्रदान करना (iv) संस्कृत पाठशालाओं का आधुनिकीकरण और (v) विभिन्न संस्कृत को बढ़ावा देने वाली विभिन्न योजनाएं, मान्य संस्कृत विश्वविद्यालयों, एन जीओ से प्राप्त संस्कृत में अनुसंधान/अनुसंधान परियोजनाओं के लिए और (6) विद्यालयों, संस्कृत महाविद्यालयों/विद्यापीठों में संस्कृत की शिक्षा देने की प्रणाली में सुधार

तथा इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु अध्यापकों को उचित प्रशिक्षण देने के लिए राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान/मान्य विश्वविद्यालयों/केन्द्रीय उच्चतर शिक्षा बोर्ड ।

46. **राष्ट्रीय छात्रवृति योजना** : योग्यता के आधार पर निर्धन लेकिन मेधावी छात्रों को मैट्रिकोत्तर स्तर पर अपना अध्ययन जारी रखने के लिए राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों के माध्यम से वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है ।

47–51. **अन्य** : इसके अन्तर्गत, राष्ट्रीय शैक्षिक आयोजना और प्रशासन संस्थान, नेशनल बुक ट्रस्ट, यूनेस्को, डब्ल्यू. आई.पी.ओ. तथा विदेश स्थित शिक्षा संस्थाओं को अंशदान आदि के लिए व्यवस्था शामिल है।

तकनीकी शिक्षा

52. **विश्वविद्यालय अनुदान आयोग** : विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को इसके शैक्षिक कार्यक्रमों के लिए सहायता प्रदान की जाती है।

53. **समुदाय बहुशिल्प संस्थान** : समुदाय बहुशिल्प संस्थान का उद्देश्य सामाजिक-आर्थिक उन्नयन के लिए परिवेश को नुकसान पहुंचाए बिना विज्ञान और प्रौद्योगिकी के उपयोग के जरिए समुदाय का सतत विकास करना, सूक्ष्म स्तरीय आयोजना और मूल स्तर पर लोगों की भागीदारी के माध्यम से एक साधारण व्यक्ति के जीवन स्तर में सुधार करना है। इस योजना में दक्षता अभिमुखी तकनीकी/व्यवसायिक शिल्पों में आयु, लिंग अथवा योग्यता को ध्यान में रखे बगैर स्थापन एवं संस्कृति संबंधी साधारण जरूरत के आधार पर अल्पावधि प्रशिक्षण सृजन और महिलाओं से कड़ी मेहनत पर रोक लगाने पर बल दिया गया है। यह प्रशिक्षण विशेषरूप से बेरोजगार /अल्प रोजगार वाले युवकों/विद्यालय/महाविद्यालय से पढ़ कर निकले छात्रों, शोषित और सुविधा- रहित वर्गों जिनमें महिलाएं, अल्पसंख्यक और समाज के कमजोर वर्ग शामिल हैं, की जरूरतों इन बहुशिल्प संस्थानों में प्रौद्योगिकी अन्तरण, तकनीकी सहायता और समुदाय में विज्ञान और प्रौद्योगिक संबंधी जागृति लाना जैसे कार्य भी किए जाते हैं।

54. **भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान** : मुम्बई, दिल्ली, कानपुर, खड़गपुर, चेन्नई और गुवाहाटी में स्थापित छह भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान विज्ञान, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी में उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करने हेतु राष्ट्रीय महत्व की संस्थाएं हैं। आईआई टी भौतिक विज्ञान, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी में शिक्षा, अनुसंधान और सेवाओं के माध्यम से ज्ञान के उत्थान, प्रसार और प्रयोग में लगे हैं। आईआईटी विज्ञान और प्रौद्योगिकी की विभिन्न विधाओं में अंडर ग्रेजुएट और स्नातकोत्तर तथा शोध आधारित स्नातकोत्तर और डाक्टरी कार्यक्रमों को पेश करते हैं।

55. **क्षेत्रीय इंजीनियरी कालेज** : प्रशिक्षित तकनीकी जनशक्ति के लिए बढ़ती हुई मांग को पूरा करने के लिए केन्द्र तथा संबंधित राज्य सरकारों के बीच संयुक्त उपक्रमों के रूप में इन 17 कालेजों की स्थापना की गई थी । इनमें से अधिकांश क्षेत्रीय कालेजों में स्नातकोत्तर शिक्षा तथा डाक्टोरल कार्यक्रमों की भी व्यवस्था है।

56. **अप्रेंटसशिप प्रशिक्षण योजना** : यह योजना समय-समय पर यथासंशोधित अप्रेंटसशिप अधिनियम, 1961 के अनुसार तथा केन्द्रीय अप्रेंटसशिप परिषद द्वारा निर्धारित नीतियों और दिशा-निर्देशों के अनुसार भिन्न-भिन्न उद्योगों और अन्य संगठनों से उत्तीर्ण स्नातक इंजीनियर, डिप्लोमाधारी और 10+ 2 (व्यवसायिक) पाठ्यक्रम उर्त्तीण करने वालों को व्यवहारिक प्रशिक्षण में अवसर उपलब्ध कराती है।

57. **भारतीय प्रबंध संस्थान** : अहमदाबाद, कलकत्ता, बंगलूर और लखनऊ में भारतीय प्रबंध संस्थान की स्थापना प्रबंध के क्षेत्र में शिक्षा, प्रशिक्षण, अनुसंधान और परामर्शदात्री सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से की गई थी । संस्थानों ने प्रबंधकीय विज्ञान के प्रशिक्षण के क्षेत्र में अग्रणी कार्य किया है और मानव संसाधन विकास के विशिष्ट क्षेत्र में योगदान दिया है। हाल ही में भारत सरकार ने दो और भारतीय प्रबंध संस्थान एक इंदौर में और एक कालीकट में स्थापित किए हैं।

58. **भारतीय विज्ञान संस्थान, बंगलौर** : वर्ष 1909 में स्थापित भारतीय विज्ञान संस्थान, बंगलौर एक मान्य विश्वविद्यालय एवं अग्रणी संस्थान है जिसने इंजीनियरी विज्ञानों और सम्बद्ध क्षेत्रों में अनुसंधान के एक उत्कर्ष केन्द्र के रूप में अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति अर्जित की है। यह संस्थान विज्ञान और प्रौद्योगिकी के बहुत से मुख्य क्षेत्रों में पुरोगामी कार्य कर रहा है।

59. **अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद** : ए.आई.सी.टी.ई. जो एक सांविधिक संगठन है, के प्रमुख कार्यों में देश में समुचित आयोजना तथा तकनीकी शिक्षा का समन्वित विकास शामिल है। मुख्य परिषद के साथ-साथ ए.आई.सी.टी.ई. के पास कार्यकारी समिति, अध्ययन बोर्ड, प्रमाणन बोर्ड और सात क्षेत्रीय समितियां हैं। जिन की सहायता से एआईसीटीई नीतिगत निर्णय लेता है और देश में तकनीकी शिक्षा के विकास के लिए काम करता है।

60. **प्रौद्योगिकी विकास मिशन** : प्रौद्योगिकी विकास मिशन पांच भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थाओं और भारतीय विज्ञान संस्थान, बंगलौर में स्वाद्य प्रसंस्करण अभियान्त्रिकी, एकीकृत डिजाईन और प्रतिस्पर्धात्मक विनिर्माण, छायाचित्रण साधन तथा प्रौद्योगिकी, ऊर्जा सक्षम प्रौद्योगिकी और साधन, प्राकृतिक संकट प्रशमन, दुरसंचार विस्तार केन्द्र और आसूचना स्वचलन, नई भौतिक और जेनेटिक अभियान्त्रिकी तथा प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में स्थापित किए गए हैं ।

61. **अपंगों के लिए पोलीटेक्नीक** : योजना का उद्देश्य शारीरिक रूप से अक्षम (विकलांग, आंशिक रूप से गूंगे व बहरे) व्यक्तियों को मुख्य धारा में मिलाने के लिए देश में विभिन्न स्थानों पर स्थित 50 विद्यमान पोलीटेक्निकों के उन्नयन करने और उनका चयन करने के लिए है। यह संभावना है कि इन 50 पोलीटेक्निकों से विभिन्न पाठ्यक्रमों से प्रतिवर्ष लगभग 1250 अक्षम नियमित छात्र और अल्पाविधिक क्रमिक व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों से 5000 अक्षम विद्यार्थी पास हो कर निकलेंगे।

62. **भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी और प्रबंध संस्थान, ग्वालियर** : भारत सरकार ने 61.69 करोड़ रुपए की कुल लागत से ग्वालियर में यह संस्थान स्थापित किया है। संस्थान के केन्द्रीय शैक्षिक कार्यक्रम में साढ़े पांच वर्ष का एकीकृत कार्यक्रम शामिल है जिसकी प्रवेश योग्यता उच्चतर विद्यालय प्रमाणपत्र है जिसके बाद आसूचना प्रौद्योगिकी और प्रबंध में डिप्लोमा प्राप्त होगा तथा चुनिन्दा क्षेत्रों में स्नातक की डिग्री की प्रवेश योग्यता सहित आसूचना प्रौद्योगिकी और प्रबंध में स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्राप्त होगा। यह भी समझा जाता है कि यह संस्थान कला जानकारी के क्षेत्र के विस्तार के लिए तथा उद्योग में व्यावसायिकों के लिए आसूचना प्रौद्योगिकी और प्रबंध के मुख्य क्षेत्रों में कार्य करने के लिए राष्ट्रीय संसाधन केन्द्र के रूप में कार्य करेगा। शैक्षणिक कार्यक्रमों के अतिरिक्त आईआईआईटीएंडएम, ग्वालियर अनुसंधान, अभिकल्प और विकास, परामर्श, फैलोशिप कार्यक्रमों के संबंध में भी काम करेगा।

63. **राष्ट्रीय औद्योगिक इंजीनियरी संस्थान, मुम्बई** : भारत सरकार द्वारा यू एन डी पी की सहायता से वर्ष 1968 में एक राष्ट्रीय संस्थान के रूप में राष्ट्रीय औद्योगिक इंजीनियरी संस्थान, (एन आई आई ई) की स्थापना की गई। यह औद्योगिक इंजीनियरी एवं सम्बद्ध क्षेत्रों में दीर्घावधि एवं अल्पावधि पाठ्यक्रमों, उद्योग/संगठन की विशेष जरूरतों के अनुरूप उद्योग-उन्मुखी कार्यक्रमों की व्यवस्था करता है, पाठ्यचर्या (अक्षरमाला) शिक्षण सामग्री, प्रतिमानों एवं मानकों को विकसित करता है तथा औद्योगिक इंजीनियरी और सम्बद्ध विषयों में संलग्न अन्य संस्थाओं को सहायता प्रदान करता है, प्रयुक्त अनुसंधान कार्य करता है, पाठ्यक्रम सामग्री विकसित करता है, भारतीय अपेक्षाओं के अनुरूप औद्योगिक इंजीनियरी की तकनीकियां अपनाता है, औद्योगिक इंजीनियरी और उत्पादकता तकनीकियों को बढ़ावा देने के लिए अन्य संस्थाओं/संगठनों और व्यवसायिक निकायों को सहयोग देता है।

64. **राष्ट्रीय संधानशाला (फाउण्डरी) और भट्टी (फोर्ज) प्रौद्योगिकी संस्थान, रांची** : भारत सरकार द्वारा यू एन डी पी की सहायता से वर्ष 1966 में राष्ट्रीय संधानशाला और भट्टी प्रौद्योगिकी संस्थान (एन आई एफ एफ टी) की स्थापना की गई जिसका उद्देश्य शिक्षण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों की व्यवस्था करना, संधानशाला, भट्टी और सम्बद्ध प्रौद्योगिकियों से संबंधित मुख्य क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास कार्यकलापों का संचालन करना है और इन उद्योगों को प्रौद्योगिकीय मार्गदर्शन और प्रलेखन सेवाएं प्रदान करना है। इसमें (i) संधानशाला और भट्टी प्रौद्योगिकी में एम. टेक पाठ्यक्रम, (ii) विनिर्माण इंजीनियरी में चार वर्षीय एकीकृत एसोशिएटशिप पाठ्यक्रम, (iii) संधानशाला और भट्टी प्रौद्योगिकी में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम की व्यवस्था है और यह अल्पावधि पुनश्चर्या पाठ्यक्रम का आयोजन करता है।

65. **आयोजना एवं वास्तुकला विद्यालय, नई दिल्ली** : भारत सरकार द्वारा वर्ष 1955 में स्थापित नगर एवं देहात आयोजना विद्यालय का उद्देश्य ग्रामीण, शहरी और क्षेत्रीय आयोजना के क्षेत्र में शिक्षा और प्रशिक्षण की सुविधाएं प्रदान करना है। वास्तुकला के क्षेत्र में भी शिक्षा की सुविधाएं प्रदान करने के लिए वर्ष 1959 में वास्तुकला विभाग को शामिल किए जाने के बाद इस विद्यालय को पुनः आयोजना एवं वास्तुकला विद्यालय (एसपीए) का नाम दिया गया। वर्ष 1979 में

आयोजना एवं वास्तुकला विद्यालय को मान्य विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान किया गया।

आयोजना एवं वास्तुकला विद्यालय वास्तुशिल्प और आयोजना के क्षेत्रों में स्नातक-पूर्व और स्नातकोत्तर कार्यक्रम चला रहा है। यह विद्यालय अल्पावधि पाठ्यक्रमों, विचार-गोष्ठियों, कार्यशालाओं, विशेष कार्यक्रमों, और प्रदर्शनियों का आयोजन भी करता है।

66. **तकनीकी अध्यापक प्रशिक्षण संस्थान :** बहुशिल्प अध्यापकों को प्रशिक्षण देने एवं बहुशिल्प शिक्षा के समुचित सुधार हेतु विभिन्न अन्य कार्यकलाप शुरू करने के लिए साठ के दशक की मध्यावधि के दौरान भोपाल, कलकत्ता, चण्डीगढ़ और चेन्नई में चार तकनीकी शिक्षण प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना की गई। भोपाल और चेन्नई तथा हाल ही में चण्डीगढ़ स्थित संस्थान में तकनीकी शिक्षा के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं। शिक्षक प्रशिक्षण के अलावा, इन संस्थानों में संसाधन विकास, विस्तार कार्य, परामर्शदायी एवं परियोजना निर्माण जैसे कार्यकलाप भी शुरू किए गए हैं।

67. **सन्त लोंगोवाल इंजीनियरी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, लागोवाल जिला संगरूर, पंजाब :** सन्त लोंगोवाल इंजीनियरी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान सोसायटी पंजीकरण के अधीन पंजीकृत एक स्वायत्त संस्थान है जो पंजाब राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई 500 एकड़ जमीन पर बना एक प्रतिष्ठित एवं पूर्णतः वित्त पोषित संस्थान है। इस संस्थान की शैक्षणिक प्रणाली नेरिस्ट की पद्धति पर तैयार की गई है। जिसमें त्वरित गतिशीलता और इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी के पाठ्यक्रमों के भिन्न-भिन्न स्तरों पर एकीकृत रूप में शाखा-वार पाठ्यक्रम अर्थात् प्रमाण-पत्र, डिप्लोमा और डिग्री, लागू किए गए हैं। शिक्षा संबंधी कार्यक्रम गैर-पाम्परिक, लागत प्रभावी, लचीले, माडयूलर और ऋण पर आधारित और विकसित उद्यमशीलता युक्त है जिनमें स्वरोजगार और बहु-विषयी प्रविष्टि पाठ्यक्रमों की व्यवस्था करते हुए विभिन्न स्तरों पर शिक्षा को जारी रखने पर बल दिया गया है। इस संस्थान में 12 प्रमाणपत्र, 10 डिप्लोमा और 8 डिग्री पाठ्यक्रमों की व्यवस्था है।

68. **जम्मू कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी, जम्मू :** जम्मू व कश्मीर राज्य सरकार ने राज्य क्षेत्र के अंतर्गत जम्मू में कालेज आफ इंजीनियरिंग की स्थापना करने का निश्चय किया। माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री ने 23.11.92 को जम्मू की यात्रा की और 1993-94 के दौरान कालेज की स्थापना के लिए तात्कालिक अनुदान के रूप में 200.00 लाख रु0 की राशि देने के लिए सहमत हो गए। तदनुसार, वर्ष 1993-94 के वित्तीय वर्ष में राज्य सरकार को 200.00 लाख रु0 की राशि जारी की गई। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) ने सिविल, मैकेनिकल और इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलैक्ट्रानिक्स और कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग और कंप्यूटर इंजीनियरिंग में पाठ्यक्रम अनुमोदित किए।

69. **भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, इलाहाबाद :** भारत सरकार ने 41.10 करोड़ रुपए की लागत पर इलाहाबाद में सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान की स्थापना को मंजूरी दी है। संस्थान के प्रमुख शैक्षणिक कार्यक्रमों में 10+2 की प्रवेश स्तर की योग्यता सहित $5^{1/2}$ वर्ष का समेकित कार्यक्रम शामिल होगा। संस्थान ने आईटी में बी.टेक पाठयक्रम पहले ही शुरू कर दिया है।

संस्थान उत्कृष्टता को बढ़ावा देगा, राष्ट्र को असाधारण व्यावसायिक जनशक्ति प्रदान करेगा, अग्रणी स्तर के अनुसंधार व विकास करेगा और उद्योग और अन्य इच्छुक एजेन्सियों को विश्लेषण और सलाह प्रदान करेगा और देश में सूचना प्रौद्योगिकी, कम्प्यूटरों और सम्बद्ध प्रौद्योगिकियों में कार्यरत संस्थाओं का एक नेटवर्क बनाने का प्रयास करेगा। यह राष्ट्रीय कृतिक बल जिसने सूचना प्रौद्योगिकी के अग्रणी स्तर के कई उत्कृष्टता केन्द्रों की सिफारिश की थी के भी अनुरूप है, जिनमें पहला इलाहाबाद में स्थापित किया जाने वाला पहला संस्तुत केन्द्र है।

70. **इंडियन स्कूल आफ माइन्स (आईएसएम), धनबाद :** भारत सरकार द्वारा इंडियन स्कूल आफ माइन्स, धनबाद की स्थापना 1926 में औद्योगिक इंजीनियरिंग और प्रबन्ध के संबंधित क्षेत्रों में जनशक्ति को प्रशिक्षित करने के अतिरिक्त खनन, पैट्रोलियम, मशीनरी, खनिज इंजीनियरिंग और भूमि विज्ञानों के क्षेत्रों में राष्ट्र की मानव संसाधन संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए की गई थी। राष्ट्र की सेवा में इस की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए, भारत सरकार ने 1967 में आईएसएम को स्वायत्तता प्रदान की; और तब से यह विश्वविद्यालय अनुदान अधिनियम 1956 के तहत एक मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय के रूप में काम कर रहा है और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा वित्तपोषित किया जा रहा है। आईएसएम धनबाद को इस समय मानव संसाधन मंत्रालय, शिक्षा विभाग द्वारा वित्त पोषित किया जा रहा है।

71. **साफ्टवेयर क्षमता बढ़ोतरी कार्यक्रम (साफ्टकेप) :** यह कार्यक्रम अब प्रस्तावित "सूचना प्रौद्योगिकी में मानवसंसाधन विकास के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम" के भीतर मिला दिया गया है। इसे सूचना प्रौद्योगिकी में मानव संसाधन विकास संबंधी कृतिक बल की सिफारिशों के अनुसरण में किया जाना है। देश में सूचना प्रौद्योगिकी जनशक्ति की बढ़ती हुई मांग की चुनौती को पूरा करने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी में मानव संसाधन विकास संबंधी कृतिक बल ने 47 विशिष्ट सिफारिशें दी हैं। रिपोर्ट में किए गए वृहत अनुमानों के आधार पर 10वीं पंच वर्षीय योजना अवधि के अन्त तक 2000 करोड़ रुपए का निवेश परिकल्पित है। इस निवेश का अधिकांश हिस्सा पहले 2-3 वर्षों के दौरान होगा। वर्ष 2000-2001 के दौरान एक सांकेतिक प्रावधान पहले ही किया जा चुका है। प्रमुख पहलों का वास्तविक कार्यान्वयन वर्ष 2001-2002 के दौरान किया जाएगा। इस कार्यक्रम के विभिन्न घटकों में संगणन सुविधाएं और संयोजकता का उन्नयन; प्रौद्योगिकी संवर्धित सूचना प्रौद्योगिकी शिक्षा; संकाय विकास अभिक्रम; पाठ्यक्रम और विषय वस्तु पहलें; पुस्तकालय का आधुनिकीकरण और सहायक सेवाओं का कम्प्यूटरीकरण और उद्योग जगत से अन्तर्सम्बन्धों को बढ़ावा देना शामिल है। इन पहलों को समग्र संस्थागत विकास और संस्थाओं की नेटवर्किंग के प्रयासों के साथ शुरु किया जाएगा। स्नातकोत्तर शिक्षा और सूचना प्रौद्योगिकी में अनुसंधान पर सर्वाधिक बल दिया जाएगा। आशा है कि इन पहलों से देश जहां तक सूचना प्रौद्योगिकी जनशक्ति का संबंध है, संख्या और गुणवत्ता चुनोतियों का सामना कर सकेगा। देश में साफ्टवेयर और सेवा क्षेत्र में उत्पादकता में मूल्य श्रंखला को बढ़ाकर वृद्धि की जाएगी। आशा है कि देश विश्व सूचना प्रौद्योगिकी बाजारों के वृहत्तर हिस्से पर पकड़ बनाएगा और अपनी विश्वव्यापी अग्रणी स्थिति को बनाए रखेगा। और अन्ततः इस कार्यक्रम से देश के तकनीकी शिक्षा प्रणाली में अनुकूलता बनने की आशा है ताकि वे हमारे गिर्द घट रहे परिवर्तनों के साथ चल सकें।

72. **अनुसंधान और विकास :** अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के अंतःक्षेत्रों और नए उभरते हुए क्षेत्रों में विभिन्न परियोजनाओं को वित्त पोषित करना ही अनुसंधान और विकास योजना का उद्देश्य है। योजना का उद्देश्य वर्तमान प्रौद्योगिकी, सामाजिक आर्थिक विकास के कारण तकनीकी प्रतिस्पर्धा का निर्माण करना है। योजना के क्षेत्र में, विशेषकर इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में स्नातकोत्तर कार्यक्रमों का प्रस्ताव करने वाले तकनीकी संस्थान शामिल हैं।

योजना अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) द्वारा कार्यान्वित की गई थी जो कि 1996-97 तक मंत्रालय के तहत एक संविधिक इकाई थी। तथापि, केन्द्रीय संस्थानों और क्षेत्रीय इंजीनियरिंग कोलेजों (आरईसी) के संबंध में यह निर्णय किया गया कि वित्तीय वर्ष 1997-98 से योजना मंत्रालय में कार्यान्वित की जाएगी। 1997-98 के बाद से योजना मंत्रालय में कार्यान्वित की जा रही है।

73. **आधुनिकीकरण और अप्रचलन की समाप्ति :** आधुनिकीकरण और अप्रचलन की समाप्ति की स्कीम के अन्तर्गत वित्तीय सहायता उपकरणों, मशीनिरियों, प्रयोगशालाओं, कार्यशालाओं और पुस्तकालयों और सम्बन्धित सुविधाओं के आधुनिकीकरण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। आधुनिकीकरण इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवीनतम घटनाक्रम के मद्देनजर तकनीकी संस्थाओं की कार्यात्मक क्षमता को बढ़ाने के लिए किया जाता है।

स्कीम का कार्यान्वयन 1996-97 तक मंत्रालय के अधीन एक संविधिक निकाय अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) द्वारा किया जाता था। तथापि, केन्द्रीय संस्थाओं और क्षेत्रीय इंजीनियरिंग कालेजों के संबंध में यह निर्णय किया गया था कि स्कीम का क्रियान्वयन 1997-98 वित्तीय वर्ष से मंत्रालय द्वारा किया जाएगा। स्कीम 1997-98 से मंत्रालय में क्रियान्वित की जा रही है।

74. **तकनीकी शिक्षा के अतिमहत्वपूर्ण क्षेत्रः** तकनीकी शिक्षा के अतिमहत्वपूर्ण क्षेत्रों की स्कीम के अन्तर्गत निम्नलिखित घटक शामिल हैं-

i) प्रौद्योगिकी के निर्णायक क्षेत्रों, जहां कमजोरी विद्यमान है, में सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण।
ii) उभरती हुई प्रौद्योगिकियों के क्षेत्रों में आधारभूत ढांचे का सृजन।
iii) नई और/अथवा उन्नत प्रौद्योगिकियों के कार्यक्रम और विशिष्ट क्षेत्रों में नए पाठ्यक्रम प्रस्तुत करना।

स्कीम का कार्यक्रम 1996-97 तक मंत्रालय के अधीन एक सांविधिक निकाय, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) द्वारा किया जाता था। तथापि केन्द्रीय संस्थाओं और क्षेत्रीय इंजीनियरिंग कालेजों के संबंध में यह निर्णय किया गया था कि स्कीम का क्रियान्वयन 1997-98 वित्तीय वर्ष से मंत्रालय द्वारा किया जाएगा। स्कीम 1997-98 के बाद से मंत्रालय में क्रियान्वित की जा रही है।

75. **शिक्षु प्रशिक्षण बोर्ड (बोट्स):** मुम्बई, कलकत्ता, कानपुर और चेन्नई में स्थित चार क्षेत्रीय शिक्षु प्रशिक्षण बोर्ड हैं। ये स्वायत्त संगठन हैं, जिनका वित्त पोषण पूरी तरह मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग) द्वारा किया जाता है।

शिक्षु अधिनियम के अधीन, इन क्षेत्रीय बोर्डो को ग्रेजुएट इंजीनियरों, तकनीशियनों (डिप्लोमा धारक) और तकनीशियनों (व्यावसायिक) के संबंध में शिक्षु प्रशिक्षण की राष्ट्रीय स्कीम का क्रियान्वयन करने के लिए प्राधिकृत किया गया है। स्कीम के अन्तर्गत नियुक्त शिक्षुओं को वृत्तिका दीजा रही है जो केन्द्र सरकार और उद्योगों प्रशिक्षण संस्थाओं द्वारा 50:50 के आधार पर वहन की जाती है।

76. **व्यावसायिक और विशेष सेवाओं के लिए भुगतान:** देश में पोलीटेक्नीक्स के उन्नयन के लिए विश्व बैंक की सहायता से शुरु की गई तकनीकी शिक्षा i और तकनीकी शिक्षा ii परियोजना के सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद, सरकार ने विश्व बैंक की सहायता से "तकनीकी शिक्षा iii" नामक एक अन्य परियोजना शुरु करने का निर्णय किया है। परियोजना में पूर्वोत्तर राज्यों, जम्मू व कश्मीर और अण्डमान व निकोबार द्वीप समूह को शामिल किया जाएगा जिन्हें पहले की दो परियोजनाओं में शामिल नहीं किया जा सका था। पहले ही दो परियोजनाओं की तरह, तकनीकी शिक्षा iii में भी केन्द्रीय मार्गदर्शन, सहायता और मानीटरिंग व्यवस्था का एक छोटा घटक होगा जिसके लिए एक नई राष्ट्रीय परियोजना कार्यान्वयन यूनिट (एनपीआईयू) स्थापित करने का प्रस्ताव है। एनपीआईयू के मुख्य कार्य राज्यों को परियोजना की आयोजना और कार्यान्वयन में दिशा निर्देश और मार्गदर्शन प्रदान करना, परियोजना कार्यान्वयन की मानीटरिंग और समीक्षा, परामर्शी सेवाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की व्यवस्था, शिक्षा, पोलीटेक्नीक्स और तकनीकी शिक्षा से जुड़े विभिन्न निकायों में सम्पर्क बनाना होगा।

77. **अन्य कार्यक्रम :** इनमें एशियन इंस्टीटयूट आफ टेक्नोलोजी, बैंकाक, तकनीकी संस्थाओं के अध्यापकों को वेतनमानों का संशोधन करने के लिए सहायता-अनुदान, एजुकेशनल कंसलटेन्टस इंडिया लि., छात्र परामर्श विकास कार्यक्रम और अनुसंधान सूचना स्कीम शामिल हैं।

78. **पूर्वात्तर क्षेत्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान:** पूर्वात्तर प्रदेश के विकास के लिए इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी क्षेत्र तथा प्रायोगिक विज्ञान श्रृंखला में दक्षतापूर्ण जनशक्ति का सृजन करने के लिए 1986 में इटानगर (अरुणाचल प्रदेश) में पूर्वोत्तर क्षेत्रीय विज्ञान प्रौद्योगिकी संस्थान, की स्थापना की गई। जबकि माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा विभाग पूर्वोत्तर क्षेत्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान को आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान कर रहा था तो इसका वित्तपोषण पहले उत्तर-पूर्वी परिषद के माध्यम से किया जा रहा था। 1994-95 से संस्थान का वित्तपोषण माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा किया जा रहा है।

पूर्वोत्तर क्षेत्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान को एक बेजोड़ संस्थान माना गया है जिसने माडुलर कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रस्तुत की है, प्रत्येक कार्यक्रम की अवधि 2 वर्ष है और इसमें प्रौद्योगिकी और प्रायोगिक विज्ञान के 6 से 7 प्रमाण-पत्र, 7 डिप्लोमा और 7 डिग्री पाठ्यक्रम हैं। ये माडयूल व्यवसायिक स्तरों जैसे कि तकनीशियनों, पर्यवेक्षणों और इंजीनियरों के साथ सम्पर्क रखने की व्यवस्था करते हैं। आधार और डिप्लोमा माडयूल न्यूनतर माडयूल/माडयूलों में विद्यार्थियों के अपेक्षित कार्य निष्पादन और कतिपय पूरक पाठयक्रमों को पूरा करने की शर्त के अधीन अगले उच्चतर माडयूल को प्रविष्टि देते हैं। इस प्रकार प्रत्येक माडयूल के अन्त में विद्यार्थियों का एक निश्चित प्रतिशत चाहे तो स्वेच्छा से अथवा अनिवार्य रूप से इसे छोड़कर चला जाता है। इस माडयूलर एवं अभिनव शैक्षणिक कार्यक्रम का उद्देश्य व्यवसायीकरण की नीति को प्रोत्साहन देना और केवल इच्छुक विद्यार्थियों को ही उच्चतर अध्ययनों की अनुमति देने के साथ-साथ अन्य विद्यार्थियों को कार्य करने अथवा अपनी उद्यम संबंधी दक्षताओं का विकास करने की अनुमति देना है।

नेरिस्ट को पूर्वोत्तर पर्वतीय विश्वविद्यालय के साथ अनन्तिम रूप से जोड़ा गया है। इस संस्थान को समविश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान करने का प्रस्ताव विचाराधीन है।

79. **योग को प्रोत्साहन :** इस स्कीम का मुख्य उद्देश्य योग में शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित करने और प्रशिक्षण कार्यक्रम में एकरूपता सुनिश्चित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है। अखिल भारतीय स्वरूप के योग संस्थानों को भी योग में अनुसंधान और प्रशिक्षण अध्यापकों सहित अनुरक्षण और विकासात्मक गतिविधियों के लिए भी वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।